# UNIVERSITY NEWS 03 DECEMBER 2025

## DAINIK JAGRAN

# 'बेरोजगार नहीं रह सकती एक अरब लोगों की भाषा हिंदी'

जासं • लखनऊ : "एक अरब लोगों की भाषा हिंदी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। राजभाषा हिंदी अनुवादक, हिंदी अधिकारी, दुभाषिया, शब्दावली एवं कोशकार, कंप्यूटर आदि क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर विद्यमान हैं। यह राजभाषा मातृभाषा नहीं होती, अर्जित भाषा होती है। इसलिए इस क्षेत्र में इसके अनुरूप भाषा शिक्षण एवं भाषा अधिगम की आवश्यकता है।" यह विचार हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने बतौर मुख्य वक्ता मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भाषा विभाग तथा बैंक आफ बड़ौदा लखनऊ मेट्रो क्षेत्र के सहयोग से हुए कार्यक्रम में रखे।

शिक्षा शास्त्र विभाग के सभागार में हुए कार्यक्रम में एमए हिंदी-2025 में सर्वाधिक अंक लाने वाले दो मेधावियों आराधना मिश्र एवं छात्र शशांक पांडेय को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने हिंदी के महत्व और उसकी उपादेयता पर विचार रखे। इस अवसर पर बैंक आफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख कमलेश राठौर, हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो.पवन अग्रवाल भी उपस्थित रहे।




**शिक्षिका के पैर में हुआ फ्रैक्चर :** कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचीं करामत गर्ल्स डिग्री कालेज की सहायक प्रोफेसर डा. वीना पांडेय पैर मुड़ने से गिर पड़ीं, जिससे फ्रैक्चर हो गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलवाई। आरोप है कि एंबुलेंस थोड़ी देर से आई। उसमें स्ट्रेचर नहीं था। उन्हें एंबुलेंस से विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। समाजवादी छात्र सभा एवं एनएसयूआइ ने पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं न होने का आरोप लगाकर कुलसचिव डा. भावना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। प्रो. पवन अग्रवाल के अनुसार एंबुलेंस आने में पांच मिनट ही लगे थे, उसी से अस्पताल में भेजा गया।

## AMAR UJALA

# लखनऊ विवि : आराधना व शशांक सम्मानित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को हिंदी व आधुनिक भारतीय भाषा विभाग और बैंक ऑफ बड़ौदा के साझे प्रयास से मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह हुआ। समारोह में मेधावी विद्यार्थी सम्मान-2025 के तहत परास्नातक हिंदी में सर्वाधिक अंक पाने वाली आराधना मिश्र और शशांक पांडेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख कमलेश राठौर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने कहा कि हिंदी में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

# राज पांडेय की पुस्तक को पीएम युवा सम्मान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी युवा लेखक राज पांडेय को उनकी पुस्तक के लिए प्रधानमंत्री युवा सम्मान से नवाजा गया है। अरुणाचल की आदिवासी जनजाति पर लिखी उनकी पुस्तक को साल 2025 के हिंदी भाषा के युवा लेखकों में से चुना गया। उनकी पुस्तक 'केबांगः लोकतंत्र की एक पुरातन संस्था' का प्रकाशन नेशनल बुक ट्रस्ट ने किया है। उनकी किताब भारत की जनजातीय स्वशासनिक प्रणालियों खासकर अरुणाचल की आदि जनजाति की 'केबांग' व्यवस्था के शोधपरक अध्ययन पर आधारित है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## AMAR UJALA

# लविवि : हमले का आरोपी छात्र निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में 19 नवंबर को दर्शनशास्त्र विभाग के पास एक छात्र पर ईंट, डंडों व धारदार हथियारों से हमले के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। स्थानीय पुलिस की रिपोर्ट, दर्ज एफआईआर तथा जांच समिति की संस्तुति के आधार पर बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के छात्र पवन यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विवि परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस संदर्भ में मंगलवार को विवि के कुलानुशासक की ओर से पत्र जारी करते हुए छात्र से तीन कार्य दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। अन्यथा आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN

# हिंदी भाषा में अपार रोजगारः सूर्यप्रसाद

**आयोजन**

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग और बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ मेट्रो क्षेत्र की ओर से मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मेधावी विद्यार्थी सम्मान 2025 के तहत परास्नातक हिंदी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आराधना मिश्रा और शशांक पान्डेय को सम्मानित किया गया। दूसरे चरण में राजभाषा हिंदी में रोजगार की संभावनाएं विषयक परिसंवाद का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता प्रोफेसर सूर्यप्रसाद दीक्षित ने कहा कि एक अरब लोगों की भाषा हिंदी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने बताया कि राजभाषा हिंदी अनुवादक, हिंदी अधिकारी, दुभाषिया, शब्दावली व कोशकार, कंप्यूटर आदि क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर हैं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख कमलेश राठौर ने कहा कि हिंदीतर क्षेत्र में भी हिंदी का प्रयोग बढ़ा है।



एलयू में हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग और बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ मेट्रो क्षेत्र की ओर से मंगलवार को मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## AMRIT VICHAR

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए बायोमैट्रिक अनिवार्य

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2024-25 के आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित करने से पहले समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया है कि वे 3 दिसंबर को प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक कुलसचिव कार्यालय, छात्रवृत्ति अनुभाग में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक प्रक्रिया पूर्ण करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि और समय पर बायोमैट्रिक न कराने की स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए छात्र-छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## HINDUSTAN

3

# छात्रवृत्ति के लिए छात्र आज बायोमीट्रिक कराएं

लखनऊ विवि में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्रों को समाज कल्याण विभाग भेजने के लिए बायोमीट्रिक अनिवार्य किया गया है। इसके लिए बुधवार को आवेदनकर्ताओं को कुलसचिव कार्यालय के छात्रवृत्ति अनुभाग में सुबह 11 से शाम पांच बजे तक बायोमीट्रिक कराना होगा।

# जनजातियों पर किताब लिखने वाला छात्र विजेता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई कर चुके बलिया के राज पांडेय को पीएम युवा 2.0 का विजेता घोषित किया गया है। उभरते युवा लेखक राज की केबांग: लोकतंत्र की एक पुरातन संस्था नामक पुस्तक का प्रकाशन नेशनल बुक ट्रस्ट ने किया है। किताब भारत की पारंपरिक जनजातीय ग्राम स्वशासनिक प्रणालियों के गहन और शोधपूर्ण अध्ययन पर आधारित है।